–

प्रसार भारती
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
15.03.2026 / प्रादेशिक समाचार / 15:00बजे

न्यायिक परिसर

भारत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने आज मंडी जिला के कांगनीधार में लगभग एक सौ 52 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले नए अत्याधुनिक न्यायिक परिसर की आधारशिला रखी। लगभग दस हेक्टेयर क्षेत्र में बनने वाले इस न्यायिक परिसर में सभी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इस अवसर पर मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि इस परिसर में एक ही छत के नीचे लोगों को अनेक सुविधाओं का लाभ मिलेगा।

पूरे परिसर का मुख्य कार्यात्मक क्षेत्र एक केंद्रीय कोर्टयार्ड के आसपास विकसित किया गया है, जिसके चारों ओर अपीलेट कोर्ट, अन्य अदालतें और वकीलों के ब्लॉक स्थित होंगे। संवेदनशील मामलों को ध्यान में रखते हुए जुवेनाइल और वल्नरेबल विटनेस कोर्ट्स के लिए भी एक अलग ब्लॉक बनाया जाएगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति गुरमीत सिंह संधावालिया सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

जयराम ठाकुर

विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने प्रदेश की मौजूदा आर्थिक स्थिति पर चिंता जताई है। धर्मशाला में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि राजस्व घाटा अनुदान को लेकर राज्य सरकार के सामने जो स्थिति है उससे निपटने के लिए उठाए जा रहे कदमों के बारें में अभी तक भी स्पष्ट नहीं किया गया है। जयराम ठाकुर ने कहा कि बजट पेश होने से पहले ही वित्त सचिव की ओर से सर्वदलीय बैठक में दी गई प्रस्तुति के बाद सवाल उठना स्वभाविक है। उन्होंने कहा कि सरकार आर्थिक संकट से बाहर निकलने का कोई स्पष्ट विज़न भी पेश नहीं कर पाई है।

एनएचएआई

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने वित्त वर्ष 2026–27 के लिए फास्टैग वार्षिक पास के शुल्क को मौजूदा तीन हजार रुपये से बढ़ाकर तीन हजार 75 रुपये करने की घोषणा की है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने कहा कि 75 रुपये की बढ़ी हुई फीस आगामी पहली अप्रैल से लागू होगी। मंत्रालय

ने कहा कि संशोधित दर वैध फास्टैग वाले पात्र गैर–व्यावसायिक वाहनों पर लागू होगी जो राष्ट्रीय राजमार्गों और राष्ट्रीय एक्सप्रेसवे पर एक हजार से अधिक टोल प्लाजा पर वार्षिक पास सुविधा का लाभ उठाना चाहते हैं।

बजट सत्र

प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र का दूसरा चरण 18 मार्च से आरम्भ होगा, जो 2 अप्रैल तक चलेगा। इस दौरान सदन की कुल 13 बैठकें होंगी। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू 21 मार्च को वित्त वर्ष 2026–27 का बजट पेश करेंगे। सत्र को लेकर विधानसभा सचिवालय द्वारा तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। बजट सत्र के लिए अब तक विधानसभा सचिवालय को सदस्यों की ओर से 8 सौ से अधिक प्रश्न प्राप्त हो चुके हैं।

वैक्सीन

सोलन ज़िले में किशोरियों को सर्वाईकल कैंसर से बचाव के लिए हयूमैन पैपिलोमा वैक्सीन लगाई जाएगी। ज़िले के 12 स्वास्थ्य संस्थानों में ये वैक्सीन 29 मार्च, 5 अप्रैल और 12 अप्रैल को लगाने का कार्यक्रम है। सोलन के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अजय पाठक ने बताया कि ज़िले में करीब साढ़े सात हजार किशोरियों को ये वैक्सीन लगाने का लक्ष्य है।

मौसम

प्रदेश में मौसम ने करवट ली है और दोपहर बाद कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि व हल्की वर्षा हुई है। मौसम के इस मिजाज से तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई है। राजधानी शिमला में भी ओलावृष्टि के साथ जोरदार वर्षा हुई। मौसम विभाग ने अगले तीन घंटों के दौरान बिलासपुर, हमीरपुर, कुल्लू, मंडी, शिमला, सिरमौर और सोलन ज़िले के कुछ स्थानों पर गरज के साथ ओलावृष्टि की संभावना जताई है।

……………………………………………………………………………………………